प्रेस नोट **08 / 03 / 2025**

मोबाइल चोरी कर मोबाइल से आनलाइन ट्रांजैक्शन कर की गयी फ्रॉड की कुल धनराशि 82,000 रुपये (बयासी हजार रुपये) थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए। ट्रेन से आते समय मोबाइल चोरी कर मोबाइल से आनलाइन ट्रांजैक्शन कर की गयी फ्रॉड, पीडित दुर्गविजय यादव पुत्र रामसरीख निवासी लामी नई बाजार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के कुल धनराशि 82,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दोहरीघाट के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमेन्द्र कुमार सिंह, क0आ0 सुनील कुमार, का0 अमित कुमार मिश्रा, का0 चन्दन कुमार, म0आ0 प्रज्ञा शुक्ला थाना दोहरीघाट जनपद मऊ ।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत शीतला माता मन्दिर में चोरी की घटना मे शामिल एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में जिनके कब्जे से चोरी की 06 अदद् पारदर्शी डिब्बे में सफेद व पीली धातु के चोरी के जेवरात बरामद–

आज दिनांक 07.03.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामलीला मैदान रेलवे स्टेशन ग्राउण्ड के पास से मु0अ0सं0 0072/25 धारा 331(4)/305(d)/317(2) बीएनएस से संबंधित मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा वांछित एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसके कब्जे से चोरी की 06 अदद पारदर्शी डिब्बे में सफेद व पीली धातु के जेवरात बरामद किया गया ।

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 08.03.2025 को थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मुहम्मदाबाद गोहना से मु0अ0सं0 19/25 धारा 137(2), 87, 351(2), 65(1) बीएनएस व धारा 5/6एलजे(2) पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र रमेश राम निवासी जगदीशपुर थाना हलधरपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

आगामी होली, रमजान त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 08.03.2025 को जनपद के थाना घोसी में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री महेश सिंह अत्रि द्वारा पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित संभ्रान्त व्यक्तियों, विभिन्न धर्मो के गुरूओं/मौलवियों को शासन से प्राप्त आदेशों निर्देशों से अवगत कराया गया तथा सभी से वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुना गया। एवं जनपद मे आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का वातावरण बनाये रखने की अपील की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र, थानाध्यक्ष घोसी व अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

आगामी होली, रमजान त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने एवं जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 08.03.2025 सायंकाल अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री महेश सिंह अत्रि द्वारा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र, थानाध्यक्ष घोसी व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मऊ घोसी क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आवादी एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना विभिन्न होलिका दहन स्थल/जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्र्तगत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

आज 08 मार्च 2025 अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन मऊ के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित जनपद के समस्त महिला पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके अविलम्ब निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं पुलिस विभाग में आने के बाद उनके अनुभवों को भी जाना गया। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं– चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या फिर खेल। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री रमाकांत पांडेय, निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह (रीडर), एसएसओ महिला थाना श्रीमती मंजू देवी सहित भारी संख्या में महिला उपनिरीक्षक, महिला मुख्य आरक्षी व महिला आरक्षी उपस्थित रहीं।